## संशोधित प्रेस–विज्ञप्ति
## राजस्व विभाग, उ0प्र0
## लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम– हापुड़ परीक्षा का नाम– लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या– 1402/भूलेख– 2015 दिनांक– 04 जौलाई, 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि– 22 जुलाई 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि –21 जुलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

### रिक्तियों का विवरण

| क्र. सं. | पदनाम | दिनांक 01–07–2015 को आयु | वेतन मान | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछडी जाति | पद हेतु शैक्षिक अर्हता | पद हेतु अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लेखपाल | न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 40 वर्ष | रू. 5200–20200 (ग्रेड पे–2000) | **31** | **16** | **3** | **2** | **10** | माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण | 1–प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2– राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो |

i- लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

ii- दिनांक 01–07–2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अन्य पिछडा वर्ग एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट देय होगी। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियाँ बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

iii- ऑन लाइन फार्म दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित (सामान्य) और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

iv- प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा।

v- परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के संबंध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेबसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेबसाइट http://www.hapur.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vi- ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद के वेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाइट http://www.hapur.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vii- लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के संबंध में पूर्व में दिनांक 16–06–2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार (SUBMIT) किये जा चुके हैं, उन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म नहीं भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिए भी मान्य होगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी
हापुड़।

**<u>प्रतिलिपिः–</u> निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद,उ0प्र0 अनुभाग–4 लखनऊ।
2– आयुक्त, मेरठ मण्डल मेरठ।
3– जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, हापुड़ को इस निर्देश के साथ कि जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करें।
4– जिला सूचना अधिकारी, हापुड़ को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति स्टेट स्तर के दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" एवं "दैनिक जागरण" तथा दैनिक "हिन्दुस्तान" में कम से कम स्पेस में प्रकाशित करायें।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी
हापुड़।